# जय गिरधर गोपाला मेरा जय गिरधर गोपाला

जय गिरधर गोपाला मेरा,
जय गिरधर गोपाला,
जो कल्याण करे सब जग का,
भक्तन का रखवाला,
जय गिरधर गोपाला मेरां,
जय गिरधर गोपाला।bd।

---

रूप विराट दिखा अर्जुन को,
गीता ज्ञान बताया,
सारे जग को हे परमेश्वर,
कर्म का पाठ सिखाया,
हे कमलापति हे नारायण,
तू जग प्रतिपाला,
जय गिरधर गोपाला मेरां,
जय गिरधर गोपाला।bd।

---

द्रुपद सुता का चीर बढ़ाया,
गज की जान बचाई,
दुर्योधन के मेवा त्यागे,
साग विदुर घर खाई,
जब जब कष्ट पड़ा भक्तों पर,
तुमने आन सम्हाला,
जय गिरधर गोपाला मेरां,
जय गिरधर गोपाला।bd।

---

दीनो के दुख हरने वाले,
तुमको नमन हमारा,
निश दिन शीष झुकाता तुमको,
द्वारे इक दुखियारा,
'राजेन्द्र' को निज धूल चरण की,
दे दे दीनदयाला,
जय गिरधर गोपाला मेरां,
जय गिरधर गोपाला।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जय गिरधर गोपाला मेरा,
जय गिरधर गोपाला,
जो कल्याण करे सब जग का,
भक्तन का रखवाला,
जय गिरधर गोपाला मेरां,
जय गिरधर गोपाला।**bd।**

गीतकार/गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
**8839262340**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com